दिन– मंगलवार दिनांक– 17/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

देशव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान की आज से शुरूआत हुई। यह अभियान दो अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का विषय है– स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। इधर, प्रदेश में विभिन्न जिलामुख्यालयों और संस्थानों में इस अभियान के तहत श्रम दान किया गया और लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज जन्मदिन है। श्री मोदी के चौहत्तरवें जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक शख्सियतों ने उन्हें बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री को जन्म दिन की शुभकामना दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि श्री मोदी ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से देश की समृद्धि और प्रतिष्ठा बढ़ाई है। भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अनेक वरिष्ठ नेताओं ने श्री मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुये उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पटना स्थित पार्टी कार्यालय में श्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी और रक्त दान कार्यक्रम का आयोजन किया।

———————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय के देवना में नेशनल इंस्टीटयूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट के एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ किया।

———————————————————————

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू हो गया है। गया में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, भू–राजस्व मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन किया। यह मेला दो अक्टूबर तक चलेगा। अपने पूर्वजों की मोक्षप्राप्ति की कामना को लेकर पिंडदान करने के लिए देश–विदेश से श्रद्धालु बड़ी संख्या में गया

पहुंच रहे हैं। वहीं, त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले अधिकतर पिंडदानी गयाधाम पहुंच चुके हैं। इधर, पटना स्थित पुनपुन में भी पितृपक्ष मेले की शुरूआत हो गयी है। गया में पिंडदान से पहले श्रद्धालु पुनपुन नदी किनारे अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं।

———————————————————————————

राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों के साथ ही पड़ोसी राज्यों में हो रही बारिश के कारण गंगा समेत अधिकतर नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी के जलस्तर में बक्सर, पटना, भागलपुर, मुंगेर समेत राज्य में अनेक स्थानों पर बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गयी। इधर, सोन नदी का जलस्तर रोहतास के इंद्रपुरी, भोजपुर के कोइलवर और पटना के मनेर में लगातार बढ़ रहा है। घाघरा नदी सीवान के दरौली में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में लाल निशान से आधा मीटर ऊपर दर्ज किया गया।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता के कारण राज्य के दक्षिणी भागों में विभिन्न स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधवारा में सबसे अधिक पंचानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज रोहतास और कैमूर जिलों में एक दो स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है।

———————————————————————————

सृष्टि के सृजनकर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना आज श्रद्धापूर्वक की जा रही है। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण तथा सृजन का देवता माना जाता है। इस अवसर पर प्रदेश भर के इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कारखानों, वर्कशॉप और गैराजों में भी पूजा की जा रही है। आकाशवाणी पटना के इंजीनियरिंग विभाग में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा पूजा पर लोगों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।